एक नजर में

बाल महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों को दिए पुरस्कार

ग्वालियर . यूथ सोसायटी द्वारा आयोजित बाल महोत्सव का आयोजन स्थानीय मेला प्राधिकरण के कला रंग मंच पर आयोजित किया गया था। इस आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया था। विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह 28 जनवरी 11 बजे आयोजित किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कट्टल ने बताया कि इस अवसर पर आयोजन समिति एवं आयोजन सचिव को भी सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संत कृपाल सिंह महाराज अध्यक्षता डीआईजी अमित सांघी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष संजय कट्टल ने किया। इस अवसर पर संत कृपाल सिंह महाराज ने कहा कि बच्चों को मंच देना उनके लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित करना उसमें से विजेता एवं उप विजेता का चयन करना फिर उन्हें सम्मानित करना बहुत बड़ी बात है। डीआईजी अमित सांघी ने कहा कि समाजिक संस्था बच्चों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन कर बच्चों को मंच प्रदान करना और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की चिंता करना ग्वालियर कला एवं तानसेन की नगरी है ग्वालियर में कलाकारों की कमी नहीं उन्हें मंच देने की जरूरत है आज इस आयोजन में आयोजन समिति के डॉ. शिखा कट्टल, बबीता जैन, दिनेश जैन, अवध धाकर, अशोक जैन, धीरज गोयल, राजेश त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, मनोज कुचिया को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

पार्षद धर्मेंद्र किरण वर्मा काउंसलर ऑफ़ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

ग्वालियर विकास समिति द्वारा वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद धर्मेंद्र किरण वर्मा को काउंसलर ऑफ़ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है. श्रीमती धर्मेन्द्र किरण वर्मा ने कहा कि इस सम्मान से जनसेवा और अपने क्षेत्र को विकास के मामले में नं. 1 बनाने का उनका जज्बा और ज्यादा बढ़ेगा. उन्होंने ग्वालियर विकास समिति का आभार प्रकट करते हुए वार्ड की उन्नति और जनसमस्याओं के निराकरण में और अधिक जनसहयोग व जन भागीदारी की अपेक्षा करते हुए खुद को वार्ड की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया।

देवनारायण जयंती पर निकला चल समारोह

ग्वालियर . भगवान श्री देवनारायण की जयंती पर बुधवार को सातवां विशाल चलसमारोह निकाला गया । इस चल समारोह में सर्वसमाज ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जगह जगह चल समारोह का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया और इस चल समारोह में संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री शीतलदास महाराज देव धाम सिरसा घाटीगांव में गुर्जर समाज के नेतागणों ने इसमें जनसहयोग किया। इस चल समारोह में लगभग हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें ग्रामीण विधायक साहब सिंह गुर्जर पूर्व विधायक रामवरन सिंह, भीकम सिंह, एवं भाजपा नेता पीताम्बर सिंह, देवेन्द्र प्रताप तोमर, पार्षद हैवरन सिंह, कल्याण सिंह, आलोक डंगस,, बाबूसिंह, उदयवीर सिंह बाबूजी, दसरथ सिंह, गिर्राज सिंह कक्कढ़खेड़ा, पूर्व उपमहापौर रामनिवास सिंह, रूपेश यादव एवं देवनारायण भक्त मण्डल, भूपेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिहं, लोकेन्द्र फागुना, जीतू लक्ष्मणगढ़, डॉ. राज नौगांव, दौलत हर्षाना सहित अनेक लोग मौजूद रहे। श्रीदेवरनारायण भक्तमंडल एवं समस्त गुर्जर समाज के लोगों ने भी चल समारोह का जारेदार स्वागत किया।

दूल्हे के पिता फोटो सेशन में व्यस्त, रुपयों से भरा बैग पार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 जनवरी. बेटे की शादी में फोटो सेशन में व्यस्त दूल्हे के पिता का रुपयों से भरा बैग पार हो गया। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के रजवाड़ा पैलेस की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस क्न जब सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तो उनमें 14 वर्षीय संदेही किशोर बैग ले जाता दिख रहा है। इस फुटेज के आधार पर पुलिस अब चोर का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

उपनगर ग्वालियर के गुदड़ी मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार मौर्य के बेटे का विगत रोज विवाह था। जिसका आयोजन उन्होंने बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत जलालपुर स्थित रजवाड़ा पैलेज में रखा था। रात 12 बजे के लगभग जब स्टेज पर फोटो सेशन चल रहा था, तब दिनेश कुमार मौर्य भी अन्य रिश्तेदारों के कहने पर फोटो खिंचवाने के लिए स्टेज पर पहुंच गए। जिन्होंने रुपयों से भरा बैग सामने ही सोफे पर छोड़ दिया था। बहू- बेटे को आशीर्वाद देते हुए का फोटो खिंचवाने के बाद जब वह नीचे उतरकर सोफे पर पहुंचे, तो वहां से उनका रुपयों से भरा बैग गायब था। यह देख उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर जब अन्य लोगों को घटना का पता चला, तो उन्होंने अपने स्तर पर बैग करी तलाश शुरू की, किंतु वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर बहोड़ापुर टीआई आलोक परिहार तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मौजूद लोगों से घटना की जानकारी लेने के बाद गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए, जिनमें 14 वर्षीय एक

किशोर बैग लेकर बाहर निकलता नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर फुटेज के आधार पर उसकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

नींद में सोता रहा पूरा परिवार और नकबजन समेट ले गए माल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 जनवरी. पूरा परिवार घर में सोता रहा और भीतर दाखिल हुए नकबजन अपना कमाल दिखाकर गायब हो गए। जो लायसेंसी बंदूक सहित लाखों रुपए के गहने व अन्य

लायसेंसी बंदूक सहित लाखों के गहने हुए चोरी

कीमती सामान समेट ले गए। घटना सिरोल इलाके की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गृहस्वामी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर उनका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

गोकुल रेसीडेंसी के मकान नंबर एफ 1 में रहने वाले रामकुमार पाराशर के घर में विगत रात्रि अज्ञात नकबजनों ने धावा बोल दिया। जिस वक्त चोर घर में दाखिल हुए, तब पूरा परिवार घर में सो रहा था। बताया गया है कि घर में दो मुख्य द्वार हैं, जिनमें से एक फरियादी रामकुमार के मुताबिक घर में दाखिल हुए नकबजन लायसेंसी 315 बोर की बंदूक के अलावा सोने की चार अंगूठिया, एक गले की चेन, एक हार, चार चूड़ियां, एक हथफूल, दो बाजूबंद, एक सोने का बैंदा, एक बेसर, चांदी की दो जोड़ी पायजेब, एक घड़ी व एक मोबाइल चोरी कर ले गए है। चोरी गए माल की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। गेट की कुंदी काटकर चोरों ने अंदर प्रवेश किया। जो पहले ऊपरी मंजिल पर पहुंचे, जहां रामकुमार के बेटा बहू सो रहे थे।

इनका कहना है

गृहस्वामी परिवार सहित घर में सो रहे थे, इसी वैरान अज्ञात नकबजन घर में धावा बोलकर लायसेंसी बंदूक सहित गहने व अन्य सामान ले गए हैं। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी नजर आ गए है। जिसके आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

गोविंद बागोली, टीआई, सिरोल

सीसीटीवी फुटेज में नजर आए आरोपी

घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जब वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए, तो पता लगा कि घटना रात दो बजे से 3 .20 बजे के बीच की है। आरोपियों ने पूरी रैकी कर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर फुटेज के आधार पर उनकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

संदिग्ध परिस्थिति में 16 वर्षीय किशोरी घर से लापता

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 जनवरी. 16 वर्षीय किशोरी किसी को बताए बिना घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। घटना बेलगढ़ा इलाके की है। जब परिजनों को हरसंभव प्रयास करने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर सूचना दी। जहां पुलिस द्वारा अपहरण का प्रकरण पंजीबद्ध कर गायब हुई किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। बेलगढ़ा थाना क्षेत्रांतर्गत विगत 25-26 जनवरी की रात किसी को बिना बताए घर से कहीं चली गई। सुबह जब परिजन जागे, तो किशोरी को नहीं देख उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन आस-पड़ोस सहित सभी परिचितों व रिश्तेदारों के यहां पूछताछ करने पर भी उसका कुछ पता नहीं लगा। जिस पर चिंतित परिजनों ने थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। चूंकि मामला नाबालिग का था, जिससे पुलिस द्वारा नियमानुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपहरण की एफआईआर दर्ज कर लापता किशोरी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

नगर निगम ने 4 अवैध कॉलोनियों को किया धराशायी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 जनवरी. नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियां पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया। भवन अधिकारी राजू गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार सिटी प्लानर महेन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर

अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

जिसके तहत प्रथम चरण में चयनित 58 अवैध कॉलोनियों में से आज दिनांक 28.01.2026 को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा वार्ड क्र. 61 के अंतर्गत ग्राम जिरैना के सर्वे क्र. 62, 72, 73, 82, 79, 164, 165, 151, 167, 168/1, 168/2, 170/1, 170/2, 189/1, 189/2, 191/1, 191/2, 200/1/1ए, 200/1/2, 200/2 लगभग रकवा 9.13 हेक्टेयर (कुल 4 अवैध कॉलोनी) भूमि पर साईधाम डवलपर्स द्वारा प्रमोद सिंह कुशवाह पुत्र कल्याण सिंह कुशवाह, कुलदी सिंह तोमर, पवन कुमार शर्मा, जबर सिंह, विशम्भर सिंह, मीना अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, वासुदेव राठौर, अमर सिंह, पूजा तोमर, विश्वजीत सिंह सेंगर, रविन्द्र सिंह, राहुल गुर्जर, माधुरी राजौरिया, गीतादेवी तोमर, राजेन्द्र सिकरवार, राजेश जादौन, दिलीप तोमर, मनोज पाल, खेमराज, जसवंत कटारे, ओमप्रकाश, अरविंद, संतोष जैन, निधि भदौरिया, रणवीर, सतवीर, श्रीकृष्ण, वृन्दावन सिंह, श्री गंगादेवी बिल्ड प्रा.लि. डायरेक्टर विमल धाकड़, सतेन्द्र शर्मा, वन्दना मिश्रा आदि द्वारा अवैध कॉलोनियों में सड़क, सीवर एवं विद्युत पोल आदि निर्माण किये गये थे, जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में भवन निरीक्षक उत्पल सिंह भदौरिया, मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चौहान तथा पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

नशेड़ी ई-रिक्शा चालक ने कई वाहनों व राहगीरों को मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 जनवरी. नशेड़ी ई-रिक्शा चालक द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। जो अपने साथी को बाहर लटकाकर टमटम दौड़ाता रहा। इस दौरान उसने सड़क से गुजर रहे कई वाहनों व राहगीरों को टक्कर मार दी। घटना रेसकोर्स रोड की है, जिसमें लोगों ने भागादौड़ी करते हुए आरोपी ई- रिक्शा चालक को पकड़कर उसे धुन डाला। हालांकि बाद में उन्होंने उसे छोड़ दिया।

बीती शाम जिस वक्त बारिश हो रही थी, तभी रेसकोर्स रोड से गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालकों को जहां वहां भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। दरअसल

इसी दौरान नशे में धुत्त एक ई-रिक्शा चालक ने जमकर उत्पात मचाया। यह नशेड़ी ई- रिक्शा चालक अपने साथी को बाहर लटकाए हुए तेज रफ्तार में टमटम दौड़ रहा था। अत्यधिक नशा व गति अधिक होने से लहराती हुई टमटम ने आसपास चल रहे तमाम राहगीरों व वाहन चालकों को अपनी चपेट में लेते हुए उनमें टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर चोटिल हो गए। एक के बाद लोगों को टक्कर मारे जाने से वहां हड़कंप मच गया और लोगों ने बचने के लिए जहां वहां दौड़ लगा दी। जब लोगों का धैर्य जवाब दे गया, तो उन्होंने घेराबंदी

करते हुए उक्त नशेड़ी ई-रिक्शा चालक को दबोच लिया। जिसकी उन्होंने अच्छे से क्लास ली। इसी बीच वहां पहुंचे कुछ बुद्धिजीवियों ने बीच बचाव करवाते हुए आरोपी चालक को छुड़वा दिया। जिससे उन्होंने उसकी पुलिस से शिकायत नहीं की है। नशेड़ी ई- रिक्शा चालक की हरकत देख मौके पर जुटे राहगीरों ने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवक ई-रिक्शा के बाहर लटका दिख रहा है, जबकि चालक तेज रफ्तार में लहराते हुए ई- रिक्शा चला रहा है। वहीं बाद में कुछ लोग आरोपी ई-रिक्शा चालक को पीटते नजर आ रहे हैं। पुलिस के संज्ञान में भी पूरा मामला आ गया है। जिससे पुलिस अब उक्त वीडियो के आधार पर आरोपी ई रिक्शा चालक की तलाश कर रही है। जिसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मेला पार्किंग व यशोदा हॉस्पिटल के सामने से बाइक चोरी

ग्वालियर 28 जनवरी. अज्ञात बाइक चोरों ने बीते रोज पुलिस की व्यवस्थाओं को चुनौती दी और एक साथ तीन बाइक चोरी कर ले गए। बाइक चोरी की घटनाएं मेला पार्किंग, यशोदा हॉस्पिटल तथा शंकर चौक के सामने हुईं। सत्यनारायण प्रजापति पुत्र रामवरन प्रजापति रावतपुरा, गोरमी, जिला भिंड बीते रोज मेला घूमने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक नम्बर एमपी30एमपी-7748 मेला की पार्किंग में लगाई और घूमने चले गए। मेला घूमकर जब सत्यनारायण वापस आए और पार्किंग में पहुंचे तो वहां से बाइक गायब थी। पार्किंग ठेकेदार से पूछा तो उसने साफ मना कर दिया कि उसे नहीं पता बाइक कहां गई। सत्यनारायण गोला का मंदिर पुलिस थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी।

आम सूचना

यहकि, श्रीमती उषा रानी उमरैया पत्नी श्री महेन्द्र कुमार उमरैया के स्वामित्व की संपत्ति नगर निगम भवन क्रमांक 202 वार्ड नं. 54, कम्प्यूटर संपत्ति आईडी 1000323371 पुराना आई.डी. 86062 जोकि 2737 वर्गफुट की होकर, कुदालकर की गोठ, छुटटा की बजरिया, लश्कर जिला ग्वालियर में स्थित है जिसकी चतुरसीमा में पूर्व में- संपत्ति राजेश रोहिरा एवं रास्ता कुदालकर की गोठ, पश्चिम में- आम रास्ता नगर निगम, छुटटा की बजरिया उत्तर में- मकान मनोज शिंदे व दक्षिण में- मकान उषारानी है। उक्त संपत्ति पूर्व में विश्वास रॉव दत्ता जी रॉव कांकडे के स्वामित्व की थी। श्री विश्वासरॉव जी का देहान्त दिनांक 23/02/2006 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती कमलप्रभा कांकडे का देहान्त दिनांक 01/01/2010 को उज्जैन में हुआ। उनके देहान्त उपरांत उनके वारिसान श्री उदयराज कांकडे, श्री महेन्द्र सिंह कांकडे, श्री रंजीत राज कांकडे, (पुत्रगण) एवं श्रीमती वसुंधरा चौहान (पुत्री) उक्त संपत्ति के स्वामी हुए। श्री रंजीत रॉव काकडे एवं श्रीमती वसुंधरा चौहान ने उक्त संपत्ति में अपने 1/2 भाग का विक्रय श्रीमती उषा रानी उमरैया को एक रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602024ए 1792410 दिनांक 21/06/2024 के द्वारा एवं श्री महेन्द्र सिंह कांकडे एवं उदयराज कांकडे ने अपने 1/2 भाग का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602024ए 1792440 के द्वारा श्रीमती उषारानी उमरैया को विक्रय किया। वर्तमान मे श्रीमती उषारानी उमरैया उक्त संपूर्ण संपत्ति की स्वामिनी है। उनके द्वारा उक्त संपत्ति पर नवनिर्माण हेतू भारतीय स्टेट बैंक से ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वित्तीय संस्था या व्यक्ति आदि के कोई हित निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मुझसे मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूतों के कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर लिखित में आपत्ति करें तत्पश्चात श्रीमती उषारानी उमरैया का ऋण आवेदन पत्र बैंक द्वारा स्वीकार किया जाकर उक्त संपत्ति ऋणदाता बैंक के हित में बंधक रखी जावेगी। उक्त समस्त कार्यवाहियों के उपरांत उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वित्तीय संस्था आदि द्वारा किये गये समस्त दावे व कार्यवाहियां मेरे पक्षकार के हितों व बैंक के हितों के मुकाबले शून्य व निःप्रभावी समझे जावेंगे।
दिनांक: 28/01/2026

भवदीयः **पीयूष चतुर्वेदी** एडवोकेट
कार्यालय का पता - मंदिर राम जानकी, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, ग्वालियर मोबा. : 94251-11650

न्यायालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, लश्कर जिला ग्वालियर

प्र.क्र. 04/बी-113 (1)/2025-26
ग्वालियर दिनाक 22/1/26

विज्ञप्ति / आम-सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गजानन दुशे पुत्र श्री शंकरराव दुशे निवासी 202 डायमंड काम्प्लेक्स ईदगाह के पास कम्पू लश्कर ग्वालियर द्वारा लोक न्यास अधिनियम 1591 की धारा 04 के अंतर्गत श्री गजानन योग साधना न्यास दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन के साथ न्यास विलेख, शपथ-पत्र एवं पहचान पत्रों की छाया प्रतियां संलग्न प्रस्तुत की गई है.

अतः उक्त संबंध में कोई व्यक्ति अथवा संस्था जो उक्त प्रकरण में हित रखता हो अथवा कोई आपत्ति रखता हो तो नियत दिनांक 09/2/26 को न्यायालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी लश्कर जिला ग्वालियर के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने विधिक अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करे। उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लश्कर जिला ग्वालियर

गणतंत्र दिवस
के पावन पर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

निवेदक
गोपाल जाटव
वन परिक्षेत्र अधिकारी कोलारस
अपील-वनों की सुरक्षा करें, वन भूमि पर अतिक्रमण न करें
वृक्षों की कटाई ना करें पर्यावरण बढ़ाएं

स्वच्छ भारत यात्रा ने शहर के चार हजार लोगों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 जनवरी. भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत यात्रा 11 जनवरी से 16 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, यात्रा टीम ने ग्वालियर का दौरा किया ताकि नागरिकों, छात्रों और स्थानीय अधिकारियों को कचरा प्रबंधन और सर्कुलर इकोनॉमी के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशन में ग्वालियर में स्वच्छ भारत यात्रा की टीम ने जीनियस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, लिटिल एंजिल हाई स्कूल एवं आईटीएम कॉलेज ग्वालियर सहित निगम मुख्यालय तथा अन्य स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक जगहों पर जागरूकता अभियान चलाकर 4000 लोगों को स्वच्छता का पाठ पढाया। साथ ही लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने, कचरा अलग-अलग करने और अपने आसपास की

जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों, नागरिकों, स्वच्छ भारत अधिकारियों और नगर निगम के कर्मचारियों ने सफाई गतिविधियों, प्लास्टिक इकट्ठा करने और मौके पर प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण सस्टेनेबिलिटी ऑन व्हील्स का लाइव प्रदर्शन था जो भारत की अपनी तरह की पहली मोबाइल कचरा प्रोसेसिंग यूनिट है। इस वाहन ने इकट्ठा किए गए कचरे की रियल-टाइम प्रोसेसिंग दिखाई। जिसमें गीले कचरे की खाद बनाना, सूखे रीसाइक्लेबल कचरे की गांठें बनाना, थर्मोकोल के लंप बनाना, सैनिटरी पैड को जलाना, कठोर प्लास्टिक को टुकड़ों में काटना आदि। इस अभियान के दौरान इकट्ठा किए गए सभी प्लास्टिक कचरे को मौके पर ही प्रोसेस किया गया, जिससे यह दिखाया गया कि विकेन्द्रीकृत और मोबाइल समाधान कचरा प्रबंधन और गंदगी रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

स्वच्छ भारत यात्रा को तेलंगाना सरकार और भारत सरकार का समर्थन प्राप्त है। ग्वालियर कार्यक्रम ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भारत बनाने के लिए नागरिकों, स्थानीय निकायों और इनोवेटर्स की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

CHANGE OF NAME
I, ANITA is legally wedded spouse No. 15727320X, Rank- L/NK, Name- BAGHEL SATENDRA KUMAR VEDSIGH Presently residing at B- 42 Shivsidh Residency Maharajpura Gwalior (M.P)- 474020 have Changed my name from ANITA To ANITA JANVEDSINGH BHAGEL, it may entered accordingly in my Husband army service record. Vide affidavit No. BX 192241 & date 24.01.2026 before district court Gwalior (M.P.)

CHANGE OF NAME & D.O.B.
I, BASANA V BALLARI mother of PRAVEENA VIRUPAKSHAPPA BALLARI, currently residing at Vill- Ranatur, Post- Ranatur, Tehsil- Shirahatti, Dist- Gadag, State- Karnataka, Pin- 582112, have changed my name from BASANA V BALLARI to BASAMMA V BALLARI & D.O.B. from 01/07/1956 to 16/04/1952 Vide Affidavit No. BX 192266 & Date- 24.01.2026 before District Court Gwalior

CHANGE OF NAME
I, DABHI NARENDRA KUMAR currently residing at Tokrala, Surendra Nagar, Gujarat -363421, have changed my daughter name from MAHI to DABHI MAHI NARENDRAKUMAR, Vide Affidavit BX 192271 & dated 24.01.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

CHANGE OF NAME
I, DABHI NARENDRA KUMAR currently residing at Tokrala, Surendra Nagar, Gujarat -363421 have changed my daughter name from KHUSHI BEN to DABHI KHUSHIBEN NARENDRAKUMAR Vide Affidavit BX 192240 & dated 24.01.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

CHANGE OF NAME & D.O.B.
I, JAYASHREE MAHESHWARAGOUD PATIL is legally spouse of PRAVEENA VIRUPAKSHAPPA BALLARI, currently residing at Vill- Ranatur, Post-Ranatur, Tehsil- Shirahatti, Dist- Gadag, State- Karnataka, Pin- 582112 have changed my name from JAYASHREE MAHESHWARAGOUD PATIL to JAYASHRI PRAVEENA BALLARI & D.O.B. from 01/07/1988 to 01/07/1989 Vide Affidavit No. BX 192265 & Date- 24.01.2026 before District Court Gwalior

नाम परिवर्तन सूचना
मैं Army No. 13770336K, Rank- Hav, Name- Ram Lal, Unit- 13 JAK RIF Presently residing at Vill- Dhanaka, Post - Chowki, Tehsil- Nowshera, Dist- Rajouri, State- J&K. PIN-185155 सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम TASHI DEVI त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरी माताजी का सही नाम TOSHI DEVI को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. BX 192282 & Date- 27.01.2026 before District Court Gwalior

14th FEBRUARY **PULWAMA ATTACK**
We salute to our brave soldiers
Valentine's Day
आगामी पुलवामा हमले में शहीद जवान एवं संत वेलेंटाइन बलिदान दिवस (14 फरवरी) पर विनम्र श्रद्धांजलि

प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9179416408

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460